Fifty Years of Mobile Science Exhibition in India



Dr. Jayanta Sthanapati
E-mail: dr.jayanta.sthanapati@gmail.com

Birla Industrial and Technological Museum or BITM, the first major science museum of the country was established in Calcutta (now Kolkata) in 1959. An avant-garde institution, BITM carried the message of science beyond its four walls through a travelling science exhibition which it had launched in 1965. By late 1966, the museum had introduced the 'Mobile Science Exhibition', mounted on a specially designed bus called 'museobus'. Currently 25 science museums and science centres, located in 17 States and two Union Territories, operate mobile science exhibitions throughout the year for the benefit of rural and suburban students. Importantly, 21 of these institutions are units of National Council of Science Museums (NCSM). This article is a brief historical account of this exemplary outreach activity of science museums and science centres in India.



Inauguration of Mobile Science Museum on 17 November 1965

Mobile Science Museum

In 1950s, UNESCO had developed five travelling science exhibitions and two of those, with the themes 'Our senses and the knowledge of the world' and 'Energy and its transformation', were exhibited in some Indian cities. Travelling science exhibition was also a significant activity of the Polytechnic Museum of Moscow in the erstwhile Soviet Union since late 1950s. Virginia Museum of Fine Arts in Richmond, USA had also launched a travelling exhibition of paintings called Artmoblie in 1953. But there was no record of indigenously developed travelling science exhibitions in India prior to 1965, when Saroj Ghose, Curator-in-charge of BITM felt the need to take scientific exhibits beyond its four walls to create scientific temper in the community. BITM was then functioning under the Council of Scientific and Industrial Research (CSIR). In March 1965, Ghose got an opportunity to narrate his concept of Mobile Science Museum to Dr Hussain Jaheer, the then Director General, CSIR in New Delhi. Dr Jaheer heard him patiently and uttered just two words 'go ahead'. The CSIR then allotted additional fund and gave full support to the project.

It took six months (May-Oct 1965) for Saroj Ghose and his team in BITM to design and fabricate the exhibits of a travelling exhibition on 'Our familiar electricity'. The exhibits were designed by Saroj Ghose; portable stands were designed by Shasanka Sekhar Ghosh; artwork was done by R.C. Chandra; engineering drawings were prepared by Debabrata Basu; fabrication was done by Ashok Dutta and S.B. Shome in the Electrical Workshop. The exhibition called Mobile Science Museum (MSM) was mounted on stands which could be easily set up in a hall, dismantled and transported by truck.



First museobus was introduced in 1966

On 17 November 1965, the mobile science museum was inaugurated by Prafulla Chandra Sen, then Chief Minister of West Bengal, at Narendrapur Ramakrishna Mission Ashram School, Narendrapur, about 17 kilometres away from BITM.

The unit on 'Our familiar electricity' with 30 exhibits attempted to make school children and general public familiar with electricity and its use in daily life. The working models showed operation of telephone receiver, electric lamp, electric heater, electric fan, radio receiver, and so on. Written explanation of individual exhibits was given in simple Bengali. The exhibition at Ramakrishna Mission Ashram School was on display for five days. Dilip K. Pathak, Guide Lecturer from BITM coordinated the activities in the school. During 1966, the same unit was exhibited in 25 schools in the districts of 24 Parganas, Howrah, Hooghly, and Nadia in West Bengal.

Mobile Science Exhibition

In 1966, BITM changed the title of travelling exhibition from 'Mobile Science Museum' to 'Mobile Science Exhibition'. It was realised by BITM authorities that the mobile unit was not carrying any scientific artefact, typical of a museum, but was showing didactic and working exhibits. So the term 'exhibition' looked more appropriate than 'museum'.

The authorities of BITM also felt operational difficulties in running



Toss a Coin – an MSE exhibit

the mobile science museum as designed in 1965. It was a cumbersome and laborious process to pack, load, unload, unpack and set up display stands and exhibits at each exhibition site. Solution to this problem came in mid 1966 with the introduction of the 'museobus', which was conceptualised by Saroj Ghose and designed by Shasanka Sekhar Ghosh.

Venus, the first Indian 'museobus' was a specially designed structure on standard truck chassis that mounted a set of 28 exhibit cabinets of standard size in four rows, two facing outside and two facing inside. So, 14 (7x2) exhibits were placed on the floor of the bus facing the outside at eye level for visitors outside the bus and the remaining 14 (7x2) were placed on the upper level for visitors standing inside the bus. The museobus was fabricated by National Motor Works, Calcutta.

The first 'museobus' carrying working and participatory science exhibits on the theme 'Transformation of energy' was inaugurated on 27 December 1966 in Barsul Vijnan Mandir near Shaktigarh in Bardhaman district of West Bengal.

Sixty plus units in fifty years

During the period between 1965 and 1976, while functioning under CSIR, BITM had developed eight mobile science exhibition units. In 1978, at the time of formation of the National Council of Science Museums (NCSM), only six museobuses were in operation. BITM with three museobuses exhibited five units, namely, 'Transformation of energy', 'Popular science', 'Light and sight', 'Water – the fountain of life', and 'Science of motion'. Visvesvaraya Industrial and Technological Museum in Bangalore then had two museobuses to exhibit units on 'The planet we live In', 'Water – the fountain of life', and 'Popular science'. Nehru Science Centre, Mumbai had one museobus with an exhibition unit on 'Man must measure'.

Science Museums and Science Centres of NCSM, during last 37 years (1978-2014), had developed 52 MSE units on 40 different topics including two old subjects like 'Popular science or fun science' (12 units) and 'Mathematics' (5 units). Some of the new topics covering a wide range of subjects include Agriculture, Biodiversity, Computers, Energy, Environment, Food and nutrition, Invention, Man and machine, Man the tool maker, Non-conventional energy sources, Our Universe, Time, and Water and sanitation.

A count of only four science museums and centres outside the umbrella of NCSM are operating MSE regularly. Two of these four centres, namely Science Centre, Port Blair and Chhattisgarh Science Centre, Raipur received ready-build museobuses



Students taking note from an exhibit

with exhibits from NCSM. The other two institutions, namely, Kerala State Science and Technology Museum, Thiruvananthapuram and Periyar Science and Technology Centre, Chennai hold mobile science exhibitions regularly with their indigenously developed units. These four centres altogether use six MSE units, three of which are on Popular science.

Exhibits of a mobile science exhibition unit are conceptualised and designed by a Curator. It then moves to the Arts section of the museum where art work of each exhibit is prepared by an Exhibition Officer. From there it goes to the workshop in-charge – a Curator or a Technical Officer. The exhibits are fabricated by technicians of different trades. During 2013-14 average cost of fabrication of 24 exhibits for an MSE unit by NCSM was Rs.6.00 lakh.

Generally, a mobile science unit travels 8 to 9 months a year with breaks (returns to the museum) after every forty-five days. While on tour, its activity is coordinated by an Education Assistant and he is supported by a technician and a driver.

The beneficiaries

Although always claimed by the organisers as an outreach program for the rural masses, mobile science exhibitions were organised mostly in suburban and rural schools, benefitting student community and not the common man. This was true even for exhibition of the unit on 'Agriculture'.

According to Saroj Ghose, former Director of BITM, "This was entirely due to logistic convenience. Schools were the only institutions in the interior areas having minimum infrastructure for holding such exhibitions. We needed adequate open space with some kind of security for keeping the bus and holding the exhibition. We needed a room with cooking and toilet facilities for our staff to stay for three days. We needed about 12 student volunteers for demonstration of exhibits (initially trained by our Guide Lecturer). And finally, we needed some amount of enthusiasm surrounding our museobus. Schools were the only choice for stationing the mobile bus. But visitors were never restricted to school students only. In a small place this kind of events always attracted attention of the people at large and the museobus was open to all".

Conclusion

The museobus, as the name states, is more like a body of knowledge carried on wheels. It is without any doubt one of the finest modes of educating people at large, and hopefully its reach will expand in the coming years. Our kudos to all those institutions engaged in exhibiting science on wheels and reaching the people at large.

[*Note:* A detailed study titled "Mobile Science Exhibition in India: 1965-2014", by the present author, will appear in volume no. 11 of the *Journal of the Department of Museology*, University of Calcutta.]

Dr. Jayanta Sthanapati, PhD (Physics) and PhD (History), is currently working as Project Investigator to study the 'History of Science Museums and Planetariums in India', a research project sponsored by the Indian National Science Academy.

भारत में चलती-फिरती विज्ञान प्रदर्शनी के पचास वर्ष



डॉ. जयंत स्थानापति
ई-मेल:dr.jayanta.sthanapati@gmail.com

बिड़ला औद्योगिक एवं तकनीकी संग्रहालय या बी.आई.टी.एम. देश का पहला बड़ा विज्ञान संग्रहालय है जो सन् 1959 में कलकत्ता (अब कोलकाता) में स्थापित किया गया था। अपने क्षेत्र में नवीन तरकीबों के प्रयोग में अग्रणी संस्था, बी.आई.टी.एम. ने एक यात्रा विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी चार दिवारी से परे विज्ञान के संदेश का संचालन किया जिसे सन् 1965 में शुरू किया गया। बाद में सन् 1966 में, संग्रहालय ने 'म्यूजियोबस' नामक विशेष रूप से डिजाइन की गई एक बस पर 'मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी' शुरु की। वर्तमान में 25 विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केन्द्र 17 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों में ग्रामीण और उपनगरीय छात्रों के लाभ के लिए पूरे वर्ष भर मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें से 21 संस्थाएं राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एन.सी.एस.एम.) की इकाइयां हैं। यह लेख भारत में विज्ञान संग्रहालयों और विज्ञान केंद्रों की इस अनुकरणीय पहुंच की गतिविधि का एक संक्षिप्त विवरण है।



17 नवंबर 1965 को मोबाइल विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन

मोबाइल विज्ञान संग्रहालय

1950 के दशक में यूनेस्को ने पांच यात्रा विज्ञान प्रदर्शनियां विकसित की थीं और इनमें से दो को कुछ भारतीय शहरों में 'हमारी इंद्रियों और हमारी दुनिया का ज्ञान' और 'ऊर्जा और उसके परिवर्तन' नामक विषय वस्तुओं के साथ प्रदर्शित किया। विज्ञान प्रदर्शनी यात्रा 1950 के दशक के उत्तरार्ध से तत्कालीन सोवियत संघ में मास्को के पॉलिटेक्निक संग्रहालय की भी एक महत्वपूर्ण गतिविधि थी। वर्जीनिया म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स, रिचमंड यूएसए ने भी सन् 1953 में आर्टमोबाइल के नाम से यात्रा प्रदर्शनी शुरू की थी। सन् 1965 से पहले भारत में स्वदेशी तकनीक से विकसित की गई यात्रा विज्ञान प्रदर्शनियों का कोई रिकार्ड नहीं था, तब समुदाय में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने के लिए बी.आई.टी.एम. के संग्रहाध्यक्ष, सरोज घोष ने वैज्ञानिक प्रदर्शनों को इसकी चार दिवारी के परे ले जाने की जरूरत महसूस की। तब बी.आई.टी.एम., वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सी.एस.आई.आर.) के अंतर्गत कार्य कर रहा था। मार्च 1965 में, घोष को नई दिल्ली में सी.एस.आई.आर. के तत्कालीन महानिदेशक डॉ. ज़हीर हुसैन के समक्ष अपनी मोबाइल विज्ञान संग्रहालय की अवधारणा प्रस्तुत करने का अवसर मिला। ज़हीर ने बड़े धैर्य से उन्हें सुना और सिर्फ दो शब्द कहे – 'आगे बढ़ो'। तब सी.एस.आई.आर. ने अतिरिक्त कोष आबंटित किया और इस परियोजना को पूर्ण समर्थन दिया।

'हमारी परिचित बिजली' नाम की एक यात्रा प्रदर्शनी के प्रदर्शन का निर्माण करने के लिए बी.आई.टी.एम. में सरोज घोष और उनकी टीम को 6 महीने (मई-अक्टूबर, 1965) लगे। प्रदर्शन एककों को सरोज घोष ने डिजाइन किया; इसके लिए वहनीय स्टैंडों को शशांक शेखर ने डिजाइन किया; कला संयोजन आर.सी. चंद्र द्वारा किया गया, इंजीनियरिंग का रेखाचित्रण देबव्रत बासु द्वारा तैयार किया गया; और निर्माण कार्य अशोक दत्ता और एस.बी. शोम द्वारा विद्युत कार्यशाला में किया गया। मोबाइल विज्ञान संग्रहालय (एम.एस.एम.) नामक इस प्रदर्शनी को ऐसे स्टैंडों पर जोड़ा गया जिन्हें आसानी से एक हॉल में स्थापित, विघटित और ट्रक द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता था।



1966 में प्रस्तुत पहली म्यूजियोबस

17 नवंबर 1965 को, पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री, प्रफुल्ल चंद्र सेन ने बी.आई.टी.एम. से लगभग 17 किमी दूर नरेन्द्रपुर के नरेन्द्रपुर रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल में मोबाइल विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन किया।

इसमें 30 प्रदर्शन एककों के माध्यम से 'हमारी परिचित बिजली' पर बिजली और दैनिक जीवन में इसके उपयोग से स्कूली बच्चों और आम जनता को परिचित करवाने का प्रयास किया गया। कार्यकारी मॉडलों ने टेलिफोन रिसीवर, बिजली के लैंप, बिजली के हीटर, बिजली के पंखे, रेडियो रिसीवर तथा अन्य की कार्यप्रणाली प्रदर्शित की। प्रदर्शन एककों का लिखित विवरण साधारण बंगाली में दिया गया था। रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल में प्रदर्शनी पांच दिनों के लिए प्रदर्शित की गई थी। स्कूल में गतिविधियों का संचालन बी.आई.टी.एम. के गाइड लैक्चरर, श्री दिलीप कुमार पाठक ने किया। सन् 1966 में, इसी इकाई ने पश्चिम बंगाल के 24 परगना, हावड़ा, हुगली और नादिया जिलों में 25 स्कूलों में प्रदर्शनी की।

मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी

सन् 1966 में, बी.आई.टी.एम. ने प्रदर्शनी यात्रा का शीर्षक 'मोबाइल विज्ञान संग्रहालय' से बदलकर 'मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी' कर दिया। बी.आई.टी.एम. के अधिकारियों ने महसूस किया कि मोबाइल इकाई संग्रहालय की खासियत लिए हुए किसी भी वैज्ञानिक नमूने का वहन नहीं कर रही थी, बल्कि शिक्षाप्रद और कार्यकारी प्रदर्शनी प्रदर्शित कर रही थी। इसलिए 'संग्रहालय' की तुलना में 'प्रदर्शनी' शब्द अधिक उचित लग रहा था।

बी.आई.टी.एम. के अधिकारियों ने सन् 1965 में डिजाइन किए गए मोबाइल विज्ञान संग्रहालय को चलाने में परिचालनात्मक कठिनाइयां महसूस कीं। प्रदर्शन स्टैंडों को लपेटने, भरने, उतारने, खोलने और स्थापित करने की प्रक्रिया बोझिल और श्रमसाध्य थी। इस समस्या का समाधान 'म्यूजियोबस' की



सिक्का उछालना – एक एम. एस. ई. प्रदर्शनी

शुरुआत के साथ सन् 1966 के मध्य में आया था जिसकी संकल्पना सरोज घोष ने की और डिजाइन श्री शशांक शेखर ने तैयार किया।

वीनस, पहली भारतीय 'म्यूजियोबस' थी जिसे एक ट्रक के ढांचे पर एक विशेष रूप से डिजाइन की गई संरचना के रूप में तैयार किया गया था, जिसमें चार पंक्तियों, दो बाहर और दो अंदर की ओर, में मानक आकार की 28 प्रदर्शनी पेटियों का एक सैट जुड़ा हुआ था। अतः 14 (7x2) प्रदर्शन इकाइयां बस के फर्श पर बाहर की ओर के दर्शकों की आंखों के स्तर पर रखीं गईं और शेष 14 (7x2) इकाइयां बस के अंदर खड़े दर्शकों के लिए बस के ऊपरी स्तर पर रखीं गई थीं। म्यूजियोबस राष्ट्रीय मोटर वर्क्स, कलकत्ता द्वारा निर्मित की गई थी। 'ऊर्जा के परिवर्तन' विषय पर क्रियाशील और सहभागिता का अवसर देने वाले प्रदर्शन एककों को वहन करने वाली पहली 'म्यूजियोबस' का उद्घाटन 27 दिसंबर 1966 को पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में शक्तिगढ़ के पास बरसुल विज्ञान मंदिर में किया गया।

पचास वर्षों में साठ से अधिक इकाइयां

सन् 1965 से सन् 1976 के बीच की अवधि के दौरान, सी.एस.आई.आर. के अंतर्गत कार्यरत बी.आई.टी.एम. ने आठ मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी इकाइयां विकसित कीं। सन् 1978 में, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एन.सी.एस.एम.) के गठन के समय केवल छः म्यूजियोबसें कार्यरत थीं। बी.आई.टी.एम. ने तीन म्यूजियोबसों के साथ 'ऊर्जा परिवर्तन', 'लोकप्रिय विज्ञान', 'प्रकाश और दृश्य', 'जल–जीवन का फव्वारा', और 'गति का विज्ञान' नामक पांच इकाइयों का प्रदर्शन किया। तब बंगलोर में विश्वेश्वरैया औद्योगिक और तकनीकी संग्रहालय (वी.आई.टी.एम.) के पास 'ग्रह– जिसमें हम रहते हैं', 'जल– जीवन का फव्वारा', और 'लोकप्रिय विज्ञान' नामक इकाइयों पर प्रदर्शनी के लिए दो म्यूजियोबसें थीं। नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई के पास 'मनुष्य के लिए माप आवश्यक' पर एक प्रदर्शन इकाई हेतु एक म्यूजियोबस थी।

एन.सी.एस.एम. के विज्ञान संग्रहालयों और विज्ञान केंद्रों ने पिछले 37 वर्षों (1978–2014) के दौरान 'लोकप्रिय विज्ञान अथवा मनोरंजक विज्ञान' (12 इकाइयां) और 'गणित' (5 इकाइयां) जैसे दो परंपरागत विषयों सहित 40 विभिन्न विषयों पर 52 मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनियां विकसित कीं। कुछ नए प्रक्रणों में कृषि, जैव विविधता, कंप्यूटर, ऊर्जा, पर्यावरण, खाद्य और पोषण, आविष्कार, मनुष्य और मशीन, मनुष्य– एक उपकरण निर्माता, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत, हमारा ब्रह्मांड, समय और जल एवं स्वच्छता जैसे विषयों के विस्तृत क्षेत्र शामिल हैं।

एन.सी.एस.एम. की छत्रछाया के बाहर केवल चार विज्ञान संग्रहालय और केन्द्र मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी (एम.एस.ई.) का संचालन कर रहे हैं। इनमें से विज्ञान केंद्र, पोर्टब्लेयर और छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र, रायपुर नामक दो केंद्रों ने एन.सी.एस.एम. से प्रदर्शक इकाइयों समेत बनी–बनाई म्यूजियोबसें प्राप्त कीं। केरल राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय, तिरुवनंतपुरम और पेरियार विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र, चेन्नई नामक अन्य दो संस्थानों में उनकी स्वयं विकसित इकाइयों के साथ नियमित रूप से मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनियां होती हैं। ये सभी चार केंद्र छः मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी इकाइयों का प्रयोग करते हैं, जिनमें से तीन लोकप्रिय विज्ञान पर हैं।



एक प्रदर्शनी का विवरण नोट करते विद्यार्थी

किसी मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी इकाई की प्रदर्शनियों की परिकल्पना और डिजाइन संग्रहपाल द्वारा तैयार किया जाता है। बाद में यह संग्रहालय के कला अनुभाग में जाता है जहां प्रत्येक प्रदर्शन इकाई की कला संरचना प्रदर्शनी अधिकारी द्वारा तैयार की जाती है। वहां से यह कार्यशाला प्रभारी, – संग्रहपाल अथवा तकनीकी अधिकारी – के पास जाती है। फिर इन प्रदर्शनियों को विभिन्न व्यवसायों के तकनीशियनों द्वारा निर्मित किया जाता है। वर्ष 2013–14 के दौरान एन.सी.एस.एम. द्वारा एक मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी इकाई के लिए 24 प्रदर्शन एककों के निर्माण की औसत लागत 6 लाख रुपये थी।

आमतौर पर, एक मोबाइल विज्ञान इकाई एक वर्ष में हर पैंतालिस दिन के अंतराल (संग्रहालय पर वापसी) के साथ 8 से 9 महीने यात्रा करती है। यात्रा के दौरान इसकी गतिविधि एक शिक्षा सहायक द्वारा संचालित की जाती है और उसे एक तकनीशियन तथा एक ड्राइवर की सहायता प्राप्त होती है।

लाभार्थी

हालांकि, आयोजकों का दावा रहा है कि ग्रामीण जनता के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम के रूप में मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी को चलाया जा रहा है किंतु देखा गया है कि ये कार्यक्रम अक्सर आम आदमी को छोड़कर उपनगरीय और ग्रामीण स्कूलों में छात्र समुदाय को ही लाभांवित करने के लिए होते थे। यहां तक कि कृषि प्रदर्शनियों का भी यही होता था।

बी.आई.टी.एम. के पूर्व निदेशक, सरोज घोष के अनुसार, "ऐसा पूरी तरह से इंतजामिया की सुविधाओं के कारण होता था। सुदूर आंतरिक क्षेत्रों में केवल स्कूलों में ही इस तरह की प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। हमें बस को रखने के लिए और प्रदर्शनी के आयोजन के लिए कुछ सुरक्षा सुविधाओं के साथ पर्याप्त खुली जगह की आवश्यकता होती है। हमें तीन दिनों तक अपने कर्मचारियों के रहने के लिए एक ऐसे कमरे की आवश्यकता होती है जिसमें खाना पकाने और शौचालय की सुविधा हो। हमें प्रदर्शनी के प्रदर्शन के लिए लगभग 12 छात्र स्वयंसेवकों (हमारे गाइड लेक्चरर द्वारा प्रशिक्षित) की भी आवश्यकता होती है। और अंततः हमें अपनी म्यूजियोबस के आसपास थोड़े से उत्साह की भी आवश्यकता होती है। मोबाइल बसों को तैनात करने के लिए स्कूल ही एकमात्र विकल्प थे। लेकिन दर्शक केवल विद्यालय के छात्रों तक ही सीमित नहीं थे। एक छोटे स्थान पर ऐसे कार्यक्रम हमेशा बड़े स्तर पर लोगों का ध्यान आकर्षित करते हैं और फिर म्यूजियोबसें सभी के लिए खुली थीं।"

निष्कर्ष

जैसा कि म्यूजियोबस के नाम से ज्ञात होता है कि यह काफी हद तक पहियों पर चलने वाले ज्ञान का भंडार है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह विस्तृत पैमाने पर लोगों को शिक्षित करने का एक बेहतरीन तरीका है, और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में इसकी पहुंच का विस्तार होगा। पहियों पर विज्ञान का प्रदर्शन करने वाली और विस्तृत पैमाने में लोगों तक पहुंचने में प्रवृत्त सभी संस्थाओं के प्रति हम प्रशंसा और आभार प्रकट करते हैं।

(नोटः वर्तमान लेखक द्वारा 'भारत में मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनीः 1965–2014', नामक शीर्षक पर किया गया विस्तृत अध्ययन कलकत्ता विश्वविद्यालय के संग्रहालय विज्ञान विभाग की पत्रिका के खंड संख्या–11 में दिखाई देगा।)

डॉ. जयंत स्थानापति, पी.एचडी (भौतिकी) और पी.एचडी (इतिहास), वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा प्रायोजित एक अनुसंधान प्रोजेक्ट, 'भारत में विज्ञान संग्रहालयों और ताराघरों का इतिहास' का अध्ययन करने के लिए एक परियोजना अन्वेषक के रूप में कार्यरत हैं।